# बिहार समसामयिकी

13th April, 2024

## अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

### भारत और मॉरीशस ने कर संधि में संशोधन के लिए प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए

- भारत और मॉरीशस ने अपने दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन के लिए एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए है।
- संधि के तहत लाभों के लिए विदेशी निवेशक की पात्रता निर्धारित करने हेतु संसोधन के जरिए एक प्रमुख उद्देश्य परीक्षण (पीपीटी) की शुरुआत की गई है।
- प्रोटोकॉल में एक नया खंड, "अनुच्छेद 27बी लाभ का अधिकार" जोड़ा गया है।
- पीपीटी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कर चोरी को रोकना है कि संधि लाभ केवल वास्तविक उद्देश्यों के लिए लेनदेन हेतु दिए जाते हैं ।
- इस बदलाव के उपरांत भारत में निवेशक को बेस इरोजन एंड प्रॉफिट शिफ्टिंग (बीईपीएस) और मल्टीलैटरल इंस्ट्रूमेंट (एमएलआई) प्रभाव पर विचार करना होगा।

**आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण (बीईपीएस)**

- आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण (Base Erosion and Profit Shifting - BEPS) का तात्पर्य ऐसी टैक्स प्लानिंग रणनीतियों से है जिनके तहत टैक्स नियमों में अंतर और विसंगतियों का लाभ उठाकर कम्पनियाँ अपने लाभ को किसी ऐसे स्थान या क्षेत्र में हस्तांतरित कर देती हैं जहाँ या तो टैक्स होता ही नहीं और यदि होता भी है तो बहुत कम अथवा नाम-मात्र होता है । इन क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियाँ या तो नहीं होती हैं या मामूली आर्थिक गतिविधियाँ होती हैं। ऐसे में संबंधित कंपनी द्वारा या तो कोई भी कॉरपोरेट टैक्स अदा नहीं किया जाता है अथवा मामूली कॉरपोरेट टैक्स का ही भुगतान किया जाता है।

**मल्टीलैटरल इंस्ट्रूमेंट (एमएलआई)**

- वर्ष 2017 का यह समझौता एक बहुपक्षीय उपकरण (Multilateral Instruments - MLI) है जिसके प्रयोग से BEPS को रोकने का प्रयास किया जाता है।MLI  सभी G20 देशों के एकजुट प्रयासों का परिणाम है।

## अर्थव्यवस्था

### एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7% कर दिया है


- एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान पहले के 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है।
- एशियाई विकास बैंक के एशियाई विकास आउटलुक के अप्रैल संस्करण के अनुसार, भारत के एशिया और प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विकास चालक के रूप में बने रहने की उम्मीद है।
- एडीबी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर 7.2 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान लगाया है।
- हालाँकि, चालू वित्त वर्ष के लिए विकास का अनुमान 2022-23 वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत जीडीपी विद्धि  से कम है।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### आईआईटी जोधपुर ने रोग ट्रैकिंग सेंसर का अनावरण किया

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के शोधकर्ताओं ने एक नैनोसेंसर विकसित करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है।

- यह नैनोसेंसर हमारे शरीर के विभिन्न कोशिकाओं को नियंत्रित करने वाले प्रोटीन के एक समूह साइटोकिन्स का यथाशीघ्र ही पता लगा सकेगा।
- इसके विकास से गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, संक्रामक रोगों और रुमेटोलॉजिकल पहले ही पता चल सकेगा। जिससे उपचार करने में काफी सहूलियत होगी।
- इसके विकास से मृत्यु दर को भी कम करने में सहायता मिलेगी।




## पुरस्कार एवं सम्मान

### भारतीय संत लोकेश मुनि अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि को वाशिंगटन के कैपिटल हिल में अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय संत हैं।

**संत लोकेश मुनि के बारे में**

- 17 अप्रैल, 1961 को राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा गांव में जन्मे, लोकेश मुनि ने जैन, बौद्ध और वैदिक दर्शन का अध्ययन करने के लिए 22 साल की उम्र में सांसारिक जीवन त्याग दिया।
- आचार्य लोकेश मुनि एक विचारक, लेखक, कवि, समाज सुधारक और वक्ता के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी में एक दर्जन से अधिक किताबें लिखी हैं।
- उन्होंने वैश्विक स्तर पर शांति, सद्भाव और अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए 'अहिंसा विश्व भारती' की स्थापना की।
- 2010 में, उन्हें भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- 2014 में, विश्व शांति और सांप्रदायिक सद्भाव में उनके योगदान के लिए उन्हें संयुक्त राष्ट्र केंद्र में यूनाइटेड पीस फेडरेशन की ओर से शांतिदूत का सम्मान मिला।



## चर्चित व्यक्ति

### भारत में ब्रिटेन की पहली महिला उच्चायुक्त

ब्रिटेन ने लिंडी कैमरून को भारत में अपनी पहली महिला उच्चायुक्त नियुक्त किया है। वह एलेक्स एलिस का स्थान लेंगी, जिन्होंने नई दिल्ली में अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है।

- इससे पूर्व कैमरन यूके के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र के मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्यरत थी



### भारतीय-अमेरिकी अवंतिका वंदनपु को साउथ एशियन पर्सन ऑफ द ईयर नामित किया गया

भारतीय-अमेरिकी अभिनेत्री अवंतिका वंदनपु को हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा साउथ एशियन पर्सन ऑफ द ईयर के रूप में सम्मानित किया गया।

- ❖ हैदराबाद के एक तेलुगु परिवार में जन्मी 19 वर्षीय अभिनेत्री को अंतरराष्ट्रीय और भारतीय मनोरंजन दोनों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहा गया।
- ❖ वह भारतीय ओटीटी श्रृंखला 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में अपनी शुरुआत के साथ-साथ 'स्पिन' और 'सीनियर इयर्स' जैसी विभिन्न हॉलीवुड परियोजनाओं में दिखी हैं।



## मनोज मित्तल सिडबी के अगले अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक होंगे

- ❖ राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की खोज करने वाले वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने सिडबी(SIDBI) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में आईएफसीआई के प्रबंध निदेशक मनोज मित्तल के नाम की सिफारिश की है।
- ❖ इसके अतिरिक्त एफएसआईबी ने नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी) के प्रबंध निदेशक के रूप में संजय शुक्ला के नाम की सिफारिश की है।

## गोपी थोटाकुरा प्रथम भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक होंगे

**उद्यमी और पायलट गोपीचंद थोटाकुरा को जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन न्यू शेपर्ड -25 (एनएस-25) मिशन के लिए चालक दल के छह सदस्यों में से एक के रूप में चुना गया है।**

- ❖ गोपीचंद थोटाकुरा "पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक" और 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे।



### सूचकांक एवं रिपोर्ट

## क्यूएस रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों में जेएनयू शीर्ष पर

- ❖ लंदन स्थित उच्च शिक्षा विश्लेषक फर्म क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) द्वारा घोषित प्रतिष्ठित रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) भारत में सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय है।
- ❖ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, जेएनयू को विकास अध्ययन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 20वां स्थान प्राप्त हुआ है।

**मुख्य निष्कर्ष:**

- ❖ **भारतीय विश्वविद्यालयों की स्थिति:**इस वर्ष कुल 69 भारतीय विश्वविद्यालयों ने रैंकिंग में जगह बनाई जो एशिया में चीन के बाद दूसरा सबसे अधिक विश्वविद्यालयों वाला देश बन गया है।
  - ➢ वहीँ चीन के 101 संस्थान सूची में शामिल हैं।

Front benchers Top Indian Universities by subjects

| Subject | University | 2024 Global Ranking |
|---|---|---|
| Development studies | JNU | 20 |
| Business & management studies | IIM Ahmedabad | 22 |
| Computer science & Information systems | IIT Delhi | 63 |
| Pharmacy & pharmacology | NIPER Hyderabad | 64 |
| Law | OP Jindal Global University | 72 |
| Mathematics | IIT Bombay | 89 |
| Medicine | AIIMS New Delhi | 127 |
| Physics & astronomy | IISc Bangalore | 134 |
| Accounting & finance | IIM Bangalore | 151-200 |
| Communication & media studies | Delhi University | 201-250 |

**महत्वपूर्ण दिन/ तिथियाँ**

## विश्व पार्किंसंस दिवस

- पार्किंसंस रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 11 अप्रैल को विश्व पार्किंसंस दिवस मनाया जाता है।
- पार्किंसंस रोग एक न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार है जो कंपकंपी, कठोरता, ब्रैडीकिनेसिया और अन्य गति-संबंधी लक्षणों का कारण बनता है।




❍❍❍❍

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH